

# 12 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के
## अब 13 वें वर्ष की ओर
पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह




Bharatsamman.com | Bharat samman | भारत सम्मान NEWS — हो जाओ सावधान... | Bharat Samman

वर्ष-13 अंक-169 — अम्बिकापुर, शुक्रवार, 15 दिसम्बर 2023 — कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.


# लोकसभा की सुरक्षा को लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा
# 15 सांसद निलंबित




**नई दिल्ली।** लोकसभा की सुरक्षा में सेंध के मामले में विपक्षी पार्टियों ने आज लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में जमकर हंगामा किया। विपक्षी सांसदों ने सुरक्षा चूक मामले में गृहमंत्री अमित शाह के बायन की मांग की। इस बीच 15 सांसदों को संदन से निलंबित कर दिया गया है। इनमें से 14 लोकसभा से सस्पेंड किए गए हैं, जबकि 1 सासंद को राज्यसभा से निलंबित किया गया है।

### इन सासंदों को किया गया निलंबित

सदन से सस्पेंड किए गए सासंदों में टी एन प्रतापन, हिबी इडेन, जोतिमणि, रम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस,बेनी बेहनन, मोहम्मद जावेद, पी आर नटराजन, कनिमोझी, वीके श्रीकंदन, के सुब्रमण्यम, एसआर पार्थिबन, एस वेंकटेशन और मनिकम टैगोर शामिल हैं।

## डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने कही ये बात

शीतकालीन सत्र के बचे समय के लिए लोकसभा से निलंबित डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने कहा, एक सांसद हैं जिन्होंने वास्तव में इन (संसद सुरक्षा उल्लंघन के आरोपी) लोगों को आने के लिए पास दिए हैं। उस सांसद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जबकि हमने देखा कि महुआ के मामले में क्या हुआ। जांच पूरी हुए बिना ही उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया और इस सांसद को निलंबित भी नहीं किया गया। वह हमारे साथ संसद के अंदर हैं। और जब हमने विरोध किया और हम चाहते हैं कि पीएम या गृह मंत्री बयान दें, वे ऐसा करने के लिए तैयार नहीं हैं। जब हमने विरोध किया, तो वे सभी विपक्षी सांसदों को निलंबित कर रहे हैं। पहले पांच को निलंबित कर दिया, फिर उन्होंने नौ लोगों को निलंबित कर दिया। तो यह कैसा लोकतंत्र है?

## महिला आयोग कहां है? पीड़िता की नग्न परेड पर हाईकोर्ट सख्त
# आरोपी की गिरफ्तारी तक खाना न खाए पुलिस

**कर्नाटक।** महिला को नग्न घुमाए जाने के मामले पर कर्नाटक हाई कोर्ट ने नाराजगी प्रकट की। अदालत ने पूछा, क्या हम 17वीं सदी में वापस जा रहे हैं? इंसानियत को शर्मसार करने वाली यह घटना बेलगावी जिले की है। एक गांव में महिला को नग्न घुमाए जाने की घटना को %असाधारण% बताते हुए हाईकोर्ट ने कहा, कानून इस मामले में कोई नरमी नहीं दिखाएगा।




गौरतलब है कि बीते 12 दिसंबर को कर्नाटक हाईकोर्ट ने समाचार के आधार पर घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। गुरुवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा, एक खतरनाक मिसाल कायम की जा रही है कि कानून का कोई डर नहीं है। कोर्ट ने कहा, ऐसी घटनाओं से खतरनाक संदेश भेजा जा रहा है कि कानून का कोई डर बाकी नहीं है। अगर प्रगतिशील राज्य कर्नाटक में आजादी के बाद ऐसी घटनाएं होती हैं तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। अपराधियों के मन में कानून का कोई डर नहीं होना बहुत परेशान करने वाला है। हाईकोर्ट की खंडपीठ घटना से कितनी नाराज है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बेलगावी के पुलिस आयुक्त को पेश होने का निर्देश दिया गया है। अदालत ने अपने फरमान में कहा, कमिश्नर के साथ सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) 18 दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से अदालत में मौजूद रहें। हाईकोर्ट ने पुलिस से पूरे मामले पर अतिरिक्त रिपोर्ट दाखिल करने को भी कहा। अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। घटना पर गंभीर आपत्ति जताते हुए हाई कोर्ट ने कहा, %यह हम सभी को शर्मसार करने वाला है। हम आजादी के 75 साल बाद ऐसी घटनाओं की उम्मीद नहीं कर सकते। यह हमारे लिए एक सवाल है। क्या हम 21वीं सदी में जी रहे हैं या 17वीं सदी में वापस जा रहे हैं। बता दें कि पूरा मामला 11 दिसंबर का है। खबरों के अनुसार, महिला का बेटा एक लड़की के साथ भाग गया। इसके बाद महिला के साथ स्थानीय लोगों ने शर्मनाक सलूक किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लड़की की सगाई किसी और से होने वाली थी। घटना से आक्रोशित लोगों ने कथित तौर पर महिला के साथ पहले मारपीट की। इसके बाद उसे नग्न कर गांव में घुमाया गया। इंसानियत को शर्मसार करने वाली इस घटना में लोगों ने पीड़िता को बिजली के खंभे से बांध दिया।

## कृष्ण जन्मभूमि मामले पर हिंदूवादी नेता का बड़ा बयानः कहा- ये मंदिरों के निर्माण का युग, अगर जमीन के 100 गज नीचे भी भगवान-मंदिर को छुपा रखा है तो खींचकर बाहर निकालेंगे

**ग्वालियर।** मथुरा के श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवादित परिसर मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को सर्वे की मंजूरी दे दी है। इसे लेकर कट्टर हिंदूवादी नेता व महाराष्ट्र बीजेपी प्रभारी जयभान सिंह पवैया ने कहा कि आज भारत के करोड़ों सनातियों के लिए खुशी का दिन है। ये मंदिरों के निर्माण का युग है। अगर जमीन के 100 गज नीचे भी हमारे भगवान को, मंदिर को छुपा कर रखा है तो हम जमीन के नींचे से खींचकर बाहर निकाल लेंगे। जयभान सिंह ने कहा कि आज हाईकोर्ट ने श्री कृष्ण जन्मभूमि विवादित परिसर सर्वे की जो अनुमति दी गई है, उसका हम स्वागत करते है। आज भारत के करोड़ों करोड़ों सनातियों के लिए खुशी का दिन है, यह हमारा हक है। यदि हमारे ब्रह्म हमारे परमात्मा श्री कृष्ण जन्मभूमि को किसी काल में किसी मुगल शासक औरंगजेब ने अतिक्रमण किया था तो आज हम उसे झेले। वहां लाल पत्थर की इमारत बनाकर ईदगाह नाम का अतिक्रमण खड़ा कर दिया गया था।



# सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम के डिप्टी सेक्रेटरी की जमानत याचिका की खारिज
## सौम्या चौरसिया पर लगा 1 लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप सचिव सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारिज कर दी, जो कथित कोयला लेवी घोटाला मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी हैं। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने गलत बयान देकर तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने के लिए उन पर 1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।



पीठ ने कहा, यह नहीं कहा जा सकता कि न्याय की तलाश में अदालत का रुख करने वाले पक्षों से सभी भौतिक तथ्यों का पूर्ण और सही खुलासा करने की उम्मीद की जाती है और एक पक्ष की ओर से पेश होने वाले प्रत्येक वकील से अदालत का एक अधिकारी होने के नाते अदालत की उचित सहायता करने की उम्मीद की जाती है। पीठ ने कहा, गुण-दोष के आधार पर भी हमें कुछ नहीं मिला। चूंकि गलत तथ्य बताए गए थे, इसलिए हमने एक लाख के जुर्माने के साथ अपील खारिज कर दी है। शीर्ष अदालत छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ चौरसिया द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। संघीय जांच एजेंसी ने पिछले साल आरोप लगाया था कि कोयला लेवी घोटाला करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य में एक बड़ी साजिश रची गई थी, जिसमें पिछले दो वर्षों में 540 करोड़ रुपये की जबरन वसूली की गई है। मनी लॉन्ड्रिंग का मामला आयकर विभाग की शिकायत के बाद सामने आया है। एजेंसी ने कहा था, ईडी की जांच एक बड़े घोटाले से संबंधित है जिसमें वरिष्ठ नौकरशाहों, व्यापारियों, राजनेताओं और बिचौलियों से जुड़े एक कार्टेल द्वारा छत्तीसगढ़ में परिवहन किए गए प्रत्येक टन कोयले के लिए 25 रुपये की अवैध उगाही की जा रही थी।

## पीएम मोदी ने शाह, नड्डा और मंत्रियों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संसद के दोनों सदनों — लोक सभा और राज्य सभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ बैठक की। बैठक में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर सहित कई अन्य केंद्रीय मंत्री भी शामिल हुए। हालांकि इस बैठक को लेकर कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है लेकिन यह माना जा रहा है कि बुधवार को हुई घटना के संबंध में दोनों सदनों के हालात और विपक्षी दलों के रवैये को लेकर सरकार और पार्टी किस तरह से आगे काम करे, इसकी रणनीति को लेकर बैठक में चर्चा हुई है।





आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

**भारत सम्मान**

**इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें**

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उताराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

**इन पदों में होंगे नियुक्त...**

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 07828866957 पर भेजे।

**नोट**

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
07828866957
09303890212

## संपादकीय

### अनसुलझे सवाल

सुप्रीम कोर्ट को निर्णय पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने का संसद ने जो कदम उठाया उसकी संवैधानिकता पर देना था। इस मुद्दे पर चुप रह कर सुप्रीम कोर्ट ने भारत के हर राज्य के भविष्य को अधर में लटका दिया है। अनुच्छेद 370 के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपेक्षित निर्णय दिया। मगर यह फैसला देते हुए उसने कम-से-कम एक बड़े सवाल को अनसुलझा छोड़ दिया। साथ ही उसने एक नया प्रश्न खड़ा भी कर दिया है। अनसुलझा सवाल यह है कि क्या भारतीय संविधान के तहत किसी राज्य का दर्जा गिराकर उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाया जा सकता है? नया प्रश्न यह खड़ा हुआ है कि अगर अनुच्छेद 370 को मकसद क्रमिक रूप से जम्मू-कश्मीर का बाकी भारत के साथ एकीकरण था, तो अनुच्छेद 371 एवं उसकी उपधाराओं का मकसद क्या है? अनुच्छेद 371 के तहत भारत के कई राज्यों को स्वायत्तता संबंधी सुरक्षाएं प्रदान की गई हैं, जैसी 370 से जम्मू-कश्मीर को कई गई थीं। दूसरा प्रश्न सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन नहीं था, इसलिए इस बारे में उससे स्पष्टीकरण की अपेक्षा नहीं थी। लेकिन पहला प्रश्न उसके विचाराधीन था। इस पर उसने निर्णय देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि केंद्र ने उसे जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य के दर्जे को बहाल करने का आश्वासन दिया है। इसे विचित्र रुख ही कहा जाएगा। इसलिए कि सुप्रीम कोर्ट को निर्णय पांच अगस्त 2019 को संसद ने जो कदम उठाया उसकी संवैधानिकता पर देना था। इस मुद्दे पर चुप रह कर सुप्रीम कोर्ट ने भारत के हर राज्य के भविष्य को अधर में लटका दिया है। इसका अर्थ यह है कि भविष्य में कभी कोई सरकार राष्ट्रपति शासन लागू कर उसी प्रक्रिया से किसी राज्य को विभाजित कर सकती है या उसका दर्जा गिरा सकती है, जैसाकि जम्मू-कश्मीर के मामले में किया गया। मतलब यह कि अब संघीय व्यवस्था केंद्र की मर्जी पर निर्भर हो गई है। जबकि बोम्मई फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने संघीय व्यवस्था को भारतीय संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा माना था। केशवानंद भारती से लेकर नौवीं अनुसूची की वैधता से संबंधी मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के बुनियादी ढांचे की रक्षा को अपनी जिम्मेदारी बताया था। तो यह प्रश्न भी उठा है कि जम्मू-कश्मीर का दर्जा गिराने के बारे में दो टूक निर्णय ना देना क्या सुप्रीम कोर्ट का अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ना नहीं माना जाएगा?

## गरीब जाए तो जाए कहां? ठेले और खोमचे में चला सरकार का बुलडोजर और इन्हें मिलने वाली दुकानों में अमीरों का कब्जा





**रायपुर।** रायपुर की सड़कें अब पहले से चौड़ी लगने लगी है. इसकी वजह अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर है. इस कार्रवाई से सड़क पर चलने वाले लोग काफी खुश है, तो कुछ जरूरतमंद लोग और गरीब अपनी रोजी-रोटी छीन जाने से दुखी है. लेकिन वो गरीब करें भी तो करें क्या ? क्योंकि उनके हक की दुकानों पर तो बड़े-बड़े लोगों का कब्जा है और उसपर कार्रवाई हो ऐसी हिमाकत भला कौन करें!

हम राजधानी रायपुर के सिर्फ दो प्रोजेक्ट की बात करते है, जहां गरीबों के हक की दुकानों में अमीरों का कब्जा है. यहां गरीब को मिलने वाली दुकानों में अमीर ने खुद को गरीब बताकर दुकान तो खरीद ली और उसे पुनः गरीब या यू कहें कि ठेले-खोमचे वाले जरूरतमंद को 5-6 गुना महंगे दामों पर वो दुकान दे दी.

हम बात कर रहे है देवेंद्र नगर नमस्ते चौक के पास की नगर निगम की करीब 50 और पंडरी पुराने बस स्टैंड के पास की 60 दुकानों की. यहां आलम ये है कि लोगों ने अपनी पहुंच और खुद को कागजों में गरीब दिखाकर दुकानें तो किराये पर ले ली, इसका किराया वो नगर निगम को महज 1000 रुपए देते है. लेकिन इसी दुकान को वो पुनः किसी जरूरतमंद को देकर उनसे 5 से 7 हजार रुपए तक का किराया वसूलते है.

### 47 में से 35 से 40 दुकान किराये पर

देवेंद्र नगर में रोड़ पर बनी नगर निगम की करीब 47 दुकानें है. जिसमें से करीब 40 दुकानें ऐसी हैं जिन्हें दुकान नगर निगम से किराये से लेने के बाद उसे दूसरे को किराये पर दे दिया. जबकि किराये पर दी गई दुकानों को पुनः दूसरे को किराये पर दिए जाने का कोई भी नियम नहीं है.

### पूर्व विधायक को अलॉट ऑफिस का क्या ?

देवेंद्र नगर चौक में ही नगर निगम द्वारा दी गई दुकानों में कई कद्दावरों ने दुकाने किराये पर ली है और उसे पुनः किराये पर दे दी. इतना ही नहीं इसी के पास में पूर्व विधायक को अलॉट ऑफिस को लेकर भी अब सवाल उठ रहे है कि उसे निगम खाली करवाएगी या पूर्व विधायक अपनी ऑफिस संचालित करते रहेंगे.

## कांग्रेस के पूर्व विधायकों की आपात बैठक में पकी खिचड़ी, मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात करने का है इरादा



**रायपुर।** विधानसभा चुनाव में पार्टी टिकट से वंचित कांग्रेस के पूर्व विधायकों के मिलकर संयुक्त रणनीति बनाने की खबर है. बताया जा रहा है कि इन पूर्व विधायकों की विनय जयसवाल के बैठक हुई है, जिसके बाद कांग्रेस पार्टी में हलचल बढ़ गई है. बताया जा रहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान टिकट से वंचित किए गए पूर्व विधायक एक राय होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात करने दिल्ली जाएंगे. मुलाकात के दौरान विधानसभा चुनाव में हुई हार पर रिपोर्ट सौपेंगे. इस संबंध में हुई बैठक में विनय जायसवाल के अलावा बृहस्पत सिंह, शिशुपाल सोरी, पद्मा मनहर, मोतीलाल देवांगन, चंद्रदेव राय, ममता चंद्राकर, अनिता शर्मा, चुन्नीलाल साहू, भुवनेश्वर बघेल, लक्ष्मी ध्रुव, प्रमोद शर्मा और गुरुदयाल बंजारे के मौजूद रहने की खबर है.

### इन विधायकों का कटा था टिकट

प्रतापपुर- डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम, बिलाईगढ़- चंद्रदेव राय, मनेंद्रगढ़- विनय जायसवाल, रामानुजगंज- बृहस्पत सिंह, सामरी- चिंता मणि महराज, लैलूंगा- चक्रधर सिंह सिदार, पाली तानाखार- मोहित राम केरकेट्टा, जगदलपुर- रेख चंद्र जैन, धरसींवा- अनिता योगेंद्र शर्मा, रायपुर ग्रामीण- सत्य नारायण शर्मा, कसडोल- शकुंतला साहू, महासमुंद- विनोद चंद्राकर, सरायपाली- किस्मत लाल नंद, सिहावा- लक्ष्मी ध्रुव, नवागढ़- गुरु दयाल बंजारे, पंडरिया- ममता चंद्राकर, खुज्जी- चन्नी साहू, डोंगरगढ़- भुवनेश्वर बघेल, अंतागढ़- अनूप नाग, चित्रकोट- राजमन बेंजाम, दंतेवाड़ा- देवती कर्मा, कांकेर ङ्क शिशुपाल सोरी.

### जिला जेल के सामने अतिक्रमण, कार्रवाई की प्रतीक्षा

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के कामकाज संभालने के साथ सुशासन की तस्वीर विभिन्न क्षेत्रों में दिखाई दे रही है। चुनाव के नतीजों के बाद ही सरकारी तंत्र खुद हरकत में आकर शराब दुकानों के आसपास संचालित चखना दुकानों को नष्ट कर दिया। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी जमीन को हड़पने की स्कीम पर पानी फेर दिया। खबर यह है कि जल्द ही यहां जिला जेल के सामने मुख्यमार्ग पर किये गए अतिक्रमण पर प्रशासन का बुलडोजर चल सकता है। सामान्य तौर पर अतिक्रमण के मामले इस तरह के आते है कि भू-माफिया या यहां-वहां की जमीन पर नजर रखने वाले लोगों ने जमीन दबा रखी है। लेकिन कोरबा में कुछ अलग प्रकार का मामला सामने है। यहां जिला जेल के सामने मुख्य मार्ग से लगकर कई कर्मचारियों के द्वारा सरकारी जमीन पर निर्माण कर लिया गया है। इसमें चारदीवारी से लेकर कई प्रकार के प्रयोजन शामिल हैं। खबर मिली है कि बेजा कब्जा करने का काम जेल विभाग के कई कर्मचारियों द्वारा किया गया है। पूरा काम सोची समझी योजना के तहत किया गया। जिला खनिज न्यास से स्वीकृत कार्य के अंतर्गत इस जगह पर वृहद क्षमता वाला कन्वेंशन हाल का निर्माण कराया जा रहा है। इस पर दो करोड़ से ज्यादा की धनराशि लगाई जा रही है। पूर्ववर्ती सरकार के समय इसे स्वीकृत करने के साथ शुरू कराया गया। यह बात अलग है कि यह प्रोजेक्ट अब तक पूर्ण नहीं हो सका है। लेकिन लोकेशन अच्छी होने और यहां पर भविष्य के लिए कई प्रकार की संभावना को देखते हुए दूसरे क्षेत्रों की तरह अतिक्रमण का सिलसिला शुरू हो गया है। इसीलिए हाल के आसपास सरकारी खाली जमीन को हथियाने का काम किया जा रहा है। इस योजना में संबंधित लोग अब तक तो सफल रहे हैं, लेकिन उनका कब्जा स्थाई रहेगा, इस पर संशय है। चूंकि नई सरकार ने सभी तरह के अवैध कार्यों पर तिरछी निगाह कर दी है और इसका प्रदर्शन भी शुरू कर दिया है। शुरूआत में ही चखना सेंटर कई अतिक्रमण ध्वस्त हो चुके है, इसलिए पूरी संभावना है कि पूरे कब्जे जल्द टूटेंगे।

## बाइक चोर गिरफ्तार, आरोपी से 12 बाइक बरामद, शौक पूरा करने करता था चोरी

**धमतरी।** बाइक चोर को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है. अलग अलग शहरों में बाइक चोरी करने वाले आरोपी को चोरी की 12 बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया है. यह कार्रवाई कोतवाली और साइबर की टीम ने की है. पकड़े गए आरोपी का नाम रामस्वरूप नेताम कांकेर का रहने वाला बताया जा रहा है.

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अपने शौक पूरा करने एवं कर्ज चुकाने वह बाइक को चोरी करता था. आरोपी के कब्जे से सरहदी जिलों से चोरी की गई 12 बाइक जब्त की गई है, जिसकी जुमला कीमत 7,50,000 रुपए है. जिले में हो रही मोटर साइकिल चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने वाहन चोरी पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात आरोपी की



पतासाजी कर आरोपी को पकड़ने के निर्देश दिए थे.

उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नेहा पवार एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कुरूद केके वाजपेयी के नेतृत्व में सायबर सेल एवं थाना कोतवाली की संयुक्त टीम आरोपी की पतासाजी कर रही थी. पतासाजी के दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति उम्र लगभग 35-36 वर्ष का युवक बठेना अस्पताल के सामने बाइक बेचने के लिए लोगों को दिखा रहा है तथा कम कीमत में बेचने की बात कर रहा है. उक्त सूचना की तश्दीक एवं कार्यवाही के लिए मौके पर संयुक्त रूप से पुलिस टीम पहुंची और मुखबीर के निशानदेही पर आरोपी रामस्वरूप नेताम को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिसमें आरोपी ने अपना अपराध कबूल किया.

## व्यापारियों के ठिकानों पर आयकर विभाग की धमक, अन्य राज्यों में रेड से जुड़े हैं तार




**रायपुर।** आयकर विभाग ने रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई में छापा मारा है. इंदौर और नागपुर के करीब 200 अधिकारियों की टीम छत्तीसगढ़ में अलग-अलग जगहों में छापेमारी कर रही है.जानकारी के अनुसार रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग भिलाई के कोल्ड स्टोरेज और अनाज व्यवसायियों के ठिकानों पर टीम की छापेमारी जारी है. राधामोहन टावर के सभी अनाज व्यापारी, इसके अलावा लाल गंगा मिडॉज में व्यवसायियों के यहां आयकर की टीम पहुंची हुई है. जांच जारी है.

### इन जगहों पर पड़ी रेड

राजधानी में समता शॉपिंग आर्केड, तेलघानी नाका चौक, सिलतरा, कुशालपुर में टीमों की जांच जारी है. समता शॉपिंग आर्केड स्थित केके एग्रो ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, तेलघानी चौक स्थित दाल कारोबारी स्/स सूरज पल्सेस, सिलतरा स्थित राजेश्वरी कोल्ड स्टोरेज के ठिकानों पर रेड जारी है.

### अन्य राज्यों से जुड़े तार

मौके पर एमपी पुलिस और सीआरपीएफ के जवान मौजूद हैं. जानकारी के मुताबिक अन्य राज्यों में रेड कार्रवाई से जुड़े तार के संबंध में यहां दबिश दी गई है.

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS
अम्बिकापुर, शुक्रवार, 15 दिसम्बर 2023


## सार-समाचार



### फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, बदली-बारिश की आशंका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मिचौंग तूफान का असर खत्म होने तथा आसमान साफ होने के बाद से ही प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। अब पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आसमान में हल्के बादल की उपस्थिति देखी जा सकती है। एक नया सिस्टम पश्चिमी विक्षोभ पुनः ईरान, ईराक के निकट सक्रिय है। इसका प्रभाव उत्तरी छत्तीसगढ़ में 4-5 दिनों के पश्चात होने की संभावना है। अगले 48 घंटे में न्यूनतम तापमान में 1-2 डिग्री की कमी होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं सरगुजा संभाग सहित उत्तरी छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। अंबिकापुर की बात करें तो यहां का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है, वहीं रायपुर का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक हवा की दिशा पूर्व होने की वजह से अब वह नमी लेकर छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रही है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर।** रावणभाठा स्टेडियम मंदिरहसौद के पास तीन लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नीलेश वर्मा 20 वर्ष मंदिरहसौद का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी रावणभाठा स्टेडियम में बच्चों के साथ फुटबाल खेल रहा था, तभी आरोपी सतखोजन बंजारे, प्रताप बंजारे व अन्य आया और फुटबाल खेलेंगे कहा। जिससे प्रार्थी ने मना किया तो आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### हॉस्टल के पार्किंग से बाइक पार

**रायपुर।** मेकाहारा के ब्वॉयज हॉस्टल के पार्किंग से अज्ञात चोर ने बाइक पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोहम्मद साजिद 32 वर्ष पीजी ब्वॉयज हॉस्टल मेकाहारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 17 केपी 4605 को हॉस्टल के पार्किंग में रखा था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 केतहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते दर्जन भर पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने अंग्रजी शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी कमलेश साहू 21 वर्ष, टोनू साहू 21 वर्ष, कौशल साहू 20 वर्ष व मोनू मानिकपुरी 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी कमलेश साहू 35 वर्ष एवं खरोरा पुलिस ने आरोपी गजेन्द्र भारद्वाज 19 वर्ष, विकास धीवर 46 वर्ष व अनेश कनरा 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी चुम्मन लाल वर्मा 53 वर्ष, डोमन वर्मा 35 वर्ष, रामप्रसाद वर्मा 40 वर्ष व दिनेश वर्मा 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब बेचते युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** ग्राम आमासिवनी में अवैध शराब बेचते विधानसभा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 19 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम आमासिवनी में एक युवक अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी समीर निषाद 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 19 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# आइएएस रानू साहू की जमानत पर बहस अधूरी


File Photo

**बिलासपुर।** कोयला घोटाले में निलंबन की सजा भुगत रही और जेल में बंद आइएएस रानू साहू की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट में बहस चल रही है। बहस अधूरी रही। अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने आठ जनवरी की तिथि तय कर दी है।

छत्तीसगढ़ के कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस रानू साहू की जमानत याचिका पर सुनवाई आगे बढ़ गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रानू साहू को जुलाई 2023 में हिरासत में लिया था। ईडी की ओर से उन पर कथित कोयला घोटाले में शामिल होने का आरोप है। इससे पहले बुधवार को इसी केस में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव समेत नौ आरोपी फिर से कोर्ट में पेश नहीं हुए। जेल में बंद आरोपियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आनलाइन पेशी हुई। इनके कोर्ट में गैरहाजिर रहने पर ईडी के वकील ने आपत्ति जताई तो जेल प्रशासन की ओर से फोर्स की कमी का हवाला दिया गया। मामले की अगली सुनवाई छह जनवरी को होगी। आरोपी अगर अब कोर्ट में पेश नहीं होते तो जमानती वारंट जारी किया जाएगा। ईडी के वकील सौरभ पांडेय ने बताया कि मामले में आरोपी विधायक देवेंद्र यादव और पूर्व विधायक चंद्रदेव राय समेत 9 लोगों को कोर्ट ने फिर से नोटिस जारी किया है। इनमें कांग्रेस नेता आरपी सिंह, विनोद तिवारी, रोशन सिंह, पीयूष साहू, नारायण साहू, मनीष उपाध्याय भी शामिल हैं।कोयला घोटाले केस में जेल में बंद सौम्या चौरसिया, आइएएस समीर बिश्नोई, रानू साहू और सूर्यकांत तिवारी समेत अन्य आरोपियों को कोर्ट में पेश होना था। मामले से जुड़े आरोपी पिछली तीन सुनवाई से कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे हैं, ना ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ रहे हैं।

### बढ़ सकती है इन अफसरों की मुश्किलें

छत्तीसगढ़ में चुनाव से पहले ईडी ने बड़ी कार्रवाईयों को अंजाम दिया था। ईडी ने सरकार के करीबियों और अफसरों के ठिकानों पर लगातार छापेमारी भी की थी। फिलहाल समीर बिश्नोई, रानू साहू और सौम्या चौरसिया न्यायिक हिरासत में जेल में है। तीनों ही अफसर पिछली सरकार के काफी खास थे। ऐसे में माना जा रहा है कि अब सरकार बदलने के बाद इनकी मुश्किलें कम होने के बजाय बढ़ सकती हैं।

### ईडी ने इन्हें बनाया है आरोपी

छत्तीसगढ़ कोयला स्कैम केस में ईडी ने निलंबित आइएएस रानू साहू, निखिल चंद्रकार समेत विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक चंद्रदेव राय, कांग्रेस नेता आरपी सिंह, विनोद तिवारी, रोशन सिंह, पीयूष साहू, नारायण साहू, मनीष उपाध्याय को आरोपी बनाया है। इनमें से आइएएस रानू साहू और निखिल चंद्राकर पहले से ही जेल में हैं। रानू साहू को 22 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था।

### क्या है कोल स्कैम

ईडी ने छत्तीसगढ़ में जांच के बाद 540 करोड़ के कोल लेवी स्कैम का खुलासा किया था। इसमें आइएएस रानू साहू के अलावा आइएएस समीर विश्नोई, सौम्या चौरसिया, जेडी माइनिंग एसएस नाग और कारोबारी सूर्यकांत तिवारी को गिरफ्तार किया। इसके अलावा कांग्रेस नेता और कुछ कारोबारी भी ईडी के जांच के दायरे में है। इन लोगों से पूछताछ की गई है और इनके घरों से कुछ दस्तावेजों को भी जब्त किया गया है।

### 540 करोड़ का कोयला घोटाला

ईडी ने पिछले साल 540 करोड़ के अवैध कोल परिवहन का केस दर्ज किया है। कोल परिवहन में प्रति टन 25 रुपए कमीशन वसूलने का आरोप है। इसमें आइएएस समीर विश्नोई, रानू साहू, खनिज अधिकारी शिव शंकर नाग, संदीप नायक, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल, लक्ष्मीकांत तिवारी, निखिल चंद्राकार, दीपेश टांक और राजेश चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। सभी जेल में है।

## शिकारी खुद हो गया शिकार, जंगली जानवरों को मारने के लिए लगाए बिजली के तार में फंसकर हुई मौत

**बलरामपुर।** कई बार ऐसा भी होता है कि शिकार के लिए बिछाए जाल में शिकारी खुद फंसकर अपनी जान गंवा बैठता है. ऐसा ही कुछ वाड्रफनगर निवासी जितेंद्र उर्फ मुन्ना के साथ हुआ, जो जंगली जानवरों के शिकार के लिए लगाए विद्युत तार की चपेट में आकर अपनी जान गंवा बैठा.



घटना वाड्रफनगर पुलिस चौकी अन्तर्गत भगवानपुर जंगल की है, जहां जंगली जानवर का शिकार करने के लगाए गए विद्युत तार की चपेट में आने से एक शख्स की मौत की खबर पर चौकी प्रभारी सहित अन्य स्टाफ घटना स्थल पहुंचे. शव का पंचनामा पश्चात शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए वाड्रफ़नगर के सिविल अस्पताल में भेजा गया.

मामले में विवेचना अधिकारी एएसआई राधेश्याम विश्वकर्मा ने बताया कि वाड्रफनगर के वार्ड नं. 15 से लगे जंगल में कुछ लोग जंगली जानवर का शिकार के उपदेश से दूर रात जंगल में गए थे. एक जितेन्द्र उर्फ़ मुन्ना को छोडकर सभी वापस लौट गए. जितेंद्र के भाई के पूछने पर साथियों ने बताया कि वह जंगल में कही गुम हो गया है, और ढूंढ़ने पर भी नहीं मिला.

इसके बाद गांव वाले जितेन्द्र को ढूंढ़ने के लिए निकले. घटना स्थल पर जितेन्द्र मृत मिला. प्रथम दृष्टया में ही यह प्रतीत हो रहा था कि उसकी मौत करंट लगने से हुई हैं. फिलहाल, वाड्रफनगर पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर मामले में शामिल लोगों का पता लगा रही है. साथ ही मौत की पूरी वजह तलाश रही हैं. पुलिस का कहना हैं जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा.



## गैस एजेंसियों ने ग्राहकों की ईकेवाईसी प्रक्रिया की तेज

**बिलासपुर-रायपुर।** छत्तीसगढ़ की जनता को जल्द ही सस्ते गैस सिलेंडर की सौगात मिलने जा रही है। भाजपा ने चुनाव के पूर्व 500 रूपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था। इसके लिए अब गैस एजेंसियों ने ईकेवाईसी की प्रक्रिया तेज कर दी है। हालांकि कई लोग ऐसे भी हैं, जिन्हें इस प्रक्रिया के बारे में पता भी नहीं है. बिलासपुर में ईकेवाईसी के लिए गैस कनेक्शनधारी को एजेंसी जाकर ईकेवाईसी की प्रक्रिया करने के लिए अंगूठे का निशान लगाना पड़ रहा है। इसके अलावा ई केवाईसी के लिए गैस कार्ड और आधार कार्ड की आवश्यकता पड़ने पर, जिनके नाम पर गैस कनेक्शन है, उन्हें ई केवाईसी कराकर अंगूठे का निशान लगाना पड़ रहा है. बिलासपुर में इसके लिए गैस एजेंसियों के सामने उपभोक्ताओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई है. उपभोक्ता लाइन लगाकर ई केवाईसी करा रहे हैं. इससे उन्हें फ्लिहाल परेशानी तो हो रही है लेकिन भविष्य में उन्हें इसका लाभ भी मिलेगा।

# जिला जेल में विचाराधीन कैदी की मौत, हत्या के मामले में पिछले 1 साल से था बंद, सामने आई बड़ी वजह

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले की जेल में बंद एक विचाराधीन कैदी की मौत का मामला सामने आया है. मृतक कैदी का नाम जनक लाल सिन्हा (उम्र 71 साल) है जो कि अपनी बहू की हत्या के इल्जाम में जेल में बंद था. बीते कुछ महीनों से वह बीमार चल रहा था. कैदी की मौत के बाद जेल प्रबंधन ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी है. पोस्टमार्टम करने के बाद मृतक का शव परिजनों को सौप दिया जाएगा. राजनंदगांव जिला जेल अधीक्षक अक्षय सिंह ठाकुर ने बताया कि मृतक से मिलने उसके परिजन भी नहीं आते थे. बीते दिनों उसके बीमार होने पर



उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था. वहां भी उसके परिजन उससे मिलने नहीं आए. वह मानसिक रूप से भी तनाव में रहता था. आज अचानक उसकी पल्स डाउन होने के चलते उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया जा रहा था, तभी उसकी मौत हो गई. बता दें कि अपनी बहू की हत्या के जुर्म में एक वर्ष से जेल में बंद जनक लाल सिन्हा के परिजनों द्वारा भी उसकी जमानत नहीं कराई जा रही थी. ऐसे में जेल प्रशासन ने भी जमानत के लिए प्रयास किया गया, लेकिन संगीन अपराध के चलते उसे जमानत नहीं मिल पाई थी. विचाराधीन बंदी जनक लाल सिन्हा की मौत के बाद परिजनों को सूचित कर दिया गया है, लेकिन अब तक उसे लेने के लिए कोई नहीं पहुंचा है.

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS
अम्बिकापुर, शुक्रवार, 15 दिसम्बर 2023


# छत्तीसगढ़ के किसानों को 25 दिसंबर को मिलेगा दो साल बोनस, 18 लाख गरीबों को दिया जाएगा आवास

## छत्तीसगढ़ में कैबिनेट की बैठक खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय में प्रेस कांफ्रेस को संबोधित किया

### कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा- हम पूरा करेंगे अपना वादा

मुख्यमंत्री साय ने प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राम के नाम पर पाखंड किया और वोट के लिए लोगों के पास नौटंकी की। जनता ने कांग्रेस के पाखंड को समझ लिया और सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। पिछली सरकार ने पूरे प्रदेश को आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है। जनता ने हमे जनादेश दिया है, जो वादा मोदी जी और भाजपा ने किया है, उसे शतप्रतिशत पूरा करेंगे।

### परिजनों के प्रति सीएम ने व्यक्त की संवेदना

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नारायणपुर जिले में हुए आईईडी ब्लास्ट में सक्ती जिले के हसौद निवासी बलिदान जवान कमलेश साहू को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मुख्यमंत्री ने शहीद जवान के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा छत्तीसगढ़ उनके परिजनों के साथ है। कमलेश साहू ने आदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति प्राप्त की है।





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कैबिनेट की बैठक खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय में प्रेस कांफ्रेस को संबोधित किया। उन्होंने मंत्रिपरिषद की बैठक में हुए निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अपनी पहली बैठक में गरीबों को आवास देने के फैसले पर मुहर लगाई है। हमने 18 लाख आवास देने की पहली स्वीकृति दी है। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जंयती पर किसानों को दो वर्ष का बोनस दिया जाएगा। साथ ही प्रदेश में 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जाएगी। किसानों को इस राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा।

### डिप्टी सीएम ने परिजनों को बधाया ढांढस

मंत्रालय में बैठक शुरू होने से पहले उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सक्ती जिले के हसौद पहुंचे। उन्होंने शहीद कमलेश साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने शहीद के पिता मुंगेश्वर साहू को गले लगाकर उन्हें ढांढस बंधाया। शर्मा ने शहीद कमलेश की माता तारा देवी साहू, पत्नी वृंदाबाई साहू, शहीद की बड़ी बहन कमलेश्वरी साहू और छोटे भाई यशवंत साहू सहित अन्य परिजनों से भी मुलाकात की और सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि शहीद कमलेश साहू ने देश की सेवा करते हुए वीरगति प्राप्त की है, उनकी शहादत को नमन है।

# द ट्रेनों का रिफंड लेने काउंटरों में भीड़, जो दौड़ रही वह जनवरी तक पैक




**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एक्सप्रेस ट्रेनों को किसी न किसी काम के चलते रद करने का सिलसिला जारी है। यात्रियों की परेशानी कम होने के बजाय रेलवे लगातार बढ़ाता जा रहा है। अचानक से ट्रेन रद होने की सूचना मिलने के बाद सफर की तैयारी कर चुके यात्रियों को रिफंड लेने टिकट काउंटर तक दौड़ लगानी पड़ रही है। यात्रियों की भीड़ स्टेशन के आरक्षण केंद्रों पर रोज देखी जा रही है। कैंसिलेशन के इस दौर में जो ट्रेनें पटरी पर दौड़ रही हैं, उनमें भी कंफर्म सीट पाने के लिए मारामारी मची हुई है। ऐसे हालात में यात्रियों का सफर करना अधर में लटकता नजर आ रहा है, क्योंकि रायपुर स्टेशन से गुजरने वाली अधिकांश लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनें जनवरी महीने तक पूरी तरह से पैक हो चुकी है।

क्रिसमस और नए वर्ष की तैयारी में जुटे यात्रियों को इन दिनों रेलवे की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। एक तो ट्रेनें रद है, वहीं विभिन्न सेक्शनों में ब्लाक के चलते ट्रेनों के आने-जाने का शेड्यूल भी पूरी तरह से बिगड़ा हुआ है, जबकि उत्तर भारत में पड़ रही कड़ाके की ठंड और कोहरे छाने की वजह से हावड़ा, मुंबई और ओडिशा की तरफ की ट्रेनें पांच से छह घंटे देरी से आना-जाना कर रही हैं। सबसे अधिक पैसेंजर ट्रेनें और एक्सप्रेस नागपुर रेल मंडल में ब्लाक के चलते रद चल रही है। रेलवे मंडल का दावा है कि तीसरी रेल लाइन के इंटरलाकिंग का काम तेज रफ्तार से चल रहा है। उम्मीद की जा रही है कि 15 दिसंबर के बाद अधिकांश ट्रेनें फिर से पटरी पर लौट आएगी।

### नए वर्ष में घूमने जाने यात्रियों में मारामारी

25 दिसंबर को क्रिसमस और नए वर्ष पर घूमने जाने की तैयारी कर रहे यात्रियों के बीच कंफर्म सीट को लेकर मारामारी मची हुई है। खासकर मुंबई, गोवा, दिल्ली, हैदराबाद, शिमला, मनाली जाने के लिए बड़ी संख्या में यात्री एक्सप्रेस ट्रेनों में टिकट बुक करा रहे हैं, जबकि इसी महीने बिलासपुर रेलवे जोन के साथ ही सिकंदराबाद, विजयवाड़ा, भोपाल, जबलपुर, संबलपुर, उत्तर रेलवे मंडल में रेललाइन पर काम चलने से ट्रेनों का परिचालन प्रभावित है। यही नहीं जो ट्रेनें चल रही हैं, उसका भी परिचालन बिगड़ा हुआ है। ऐस हालात में ऐसी कोई ट्रेन नहीं है, जिसमें कंफर्म टिकट मिल जाए।

### स्टेशन में करना पड़ रहा इंतजार

यात्री जितना परेशान ट्रेन रद होने और देरी से चलने की वजह से हो रहे है, उससे कही अधिक रायपुर रेलवे स्टेशन में ट्रेन आने का इंतजार करते हुए परेशान हो रहे हैं। कई बार यात्रियों को पांच से सात घंटे सपरिवार स्टेशन में ट्रेन आने का इंतजार करने को विवश होना पड़ता है। खासकर रात के समय ट्रेन आने का इंतजार करना काफी परेशानी भरा होता है।



### पूर्व विधायक विनय जायसवाल और बृहस्पत सिंह पर बड़ी कार्रवाई, कांग्रेस ने छह साल के लिए किया निष्कासित

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद प्रदेश संगठन के खिलाफ लगातार बयानबाजी करने वाले दो नेताओं पर कांग्रेस ने बड़ी कार्रवाई की है। पार्टी ने पूर्व विधायक विनय जायसवाल और बृहस्पत सिंह को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। पार्टी ने अपने निष्कासन आदेश में कहा है कि दोनों नेताओं ने प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा पर तथ्यहीन आरोप लगाए है। बता दें कि बृहस्पति सिंह ने विधानसभा चुनाव में मिली हार के लिए प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा और पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी से सैलजा को जल्द हटाने की मांग की थी। उन्होंने आरोप था कि सैलजा प्रभावशील नेताओं के हाथों बिक गई थीं। हीरोइन की तरह फोटो खिंचवाने में व्यस्त थीं। वहीं विनय जायसवाल ने प्रदेश सहप्रभारी चंदन यादव पर टिकट के एवज में सात लाख रुपये लेने का आरोप लगाया था। दोनों नेताओं को पार्टी ने नोटिस जारी किया था। संतोषजनक जवाब नहीं आने पर पार्टी ने दोनों को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है।

# महंत रामसुंदर दास ने कांग्रेस पार्टी से दिया इस्तीफा, बृजमोहन के हाथों मिली करारी हार के बाद लिया निर्णय

**रायपुर।** कांग्रेस नेता महंत रामसुंदर दास ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। रायपुर दक्षिण से भाजपा के बृजमोहन के हाथों मिली करारी हार से दुखी होकर उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दिया है। उन्होंने बस्तर सांसद और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नाम लिखे पत्र में इस बात का उल्लेख किया है। उन्होंने हार की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे को अभी आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं किया है।



### 2003 में पामगढ़ से चुने गए थे विधायक

बता दें कि महंत राम सुंदर दास वर्ष 2003 में छत्तीसगढ़ के पामगढ़ से चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने। 2008 में उन्होंने जैजैपुर से चुनाव जीता था। 2013 में उसी सीट पर उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 2018 में भूपेश बघेल की सरकार बनी तो उन्हें गौ सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया। साल 2001-2003 में संस्कृत बोर्ड के पहले अध्यक्ष रहे। वहीं, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य भी रह चुके हैं।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212




स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547